कार्यालयः जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुंगेली (छ.ग.)

–:: सूचना ::–

क्रमांक क्यू/चयन समिति/2023 मुंगेली, दिनांक 20.11.2023

01– इस स्थापना में सहायक ग्रेड–3 पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक **26.11.2023 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक** निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जावेगा।

02– सहायक ग्रेड–3 पद प्रारंभिक लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची, परीक्षा केन्द्रों की सूची एवं प्रवेश पत्र जिला न्यायालय मुंगेली के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/mungeli में अपलोड करायी गई है।

03– दस्तावेज परीक्षण के दौरान पर्यवेक्षक/चयन समिति के द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक होगा। पर्यवेक्षक/चयन समिति या कर्मचारियों से अनुचित या आपत्तिजनक व्यवहार चयन के लिए अर्न्हता माना जायेगा।

04– **परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में निर्धारित समय से 1 घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित समय पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।**

05– परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।

06– परीक्षार्थी को अपने साथ अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/वोटर आई.डी. कार्ड) लेकर आना अनिवार्य है।

07– परीक्षा केन्द्र में मोबाईल/इलेक्ट्रानिक डिवाईस आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जावेगा, जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

08– परीक्षार्थी को केवल नीली स्याही बाल पेन के उपयोग की अनुमति होगी।

09– प्रारंभिक लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

sd/-
अध्यक्ष
चयन समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
मुंगेली, (छ.ग.)